# अवैध कीटनाशक बनाने का भंडाफोड़, अमरपाटन के कुहारी गांव में गैस रिसाव से मचा हड़कंप









**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत कुहारी गांव में एक बंद मकान में अवैध तरीके से कीटनाशक (पेस्टिसाइड) बनाए जाने का बड़ा खुलासा हुआ है।यह मामला तब सामने आया जब मकान के कमरे से गैस रिसाव होने लगा,जिससे लोगों की आंखों में जलन होने लगी और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

## घटना और पुलिस की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार,बंद मकान के कमरे से गैस रिसाव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। रिसाव से इलाके के लोगों की आंखों में जलन की शिकायत की पुष्टि हुई। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागर,अमरपाटन एसडीओपी ज्योति मिश्रा,और अमरपाटन टीआई विजय सिंह परस्ते दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## पेस्टिसाइड निर्माण का अनुमान

ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि इस कच्चे मकान में पेस्टिसाइड का निर्माण किया जा रहा था, और इसी दौरान गैस का रिसाव हुआ। पुलिस ने मकान की तलाशी ली,जहां से कुछ केमिकल्स मिले। बस्ती वासियों की सुरक्षा को देखते हुए,रात में ही केमिकल्स को सील कर दिया गया। पुलिस ने केमिकल्स की जांच के लिए फोरेंसिक अधिकारी डॉ.महेंद्र सिंह को भी बुलाया। फोरेंसिक अधिकारी ने केमिकल्स को बस्ती से बाहर कराकर सीलिंग की और जांच के लिए भेज दिया है। अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि बीती रात इवेंट मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों द्वारा बताए गए बंद मकान को खुलवाकर जांच की गई। इस दौरान मकान के अंदर कुछ केमिकल्स रखे पाए गए। लोगों की आंखों में जलन की शिकायत की पुष्टि भी हुई। पूछताछ में पता चला कि इस कच्चे मकान में पेस्टिसाइड का निर्माण किया जा रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से केमिकल्स को जब्त कर फोरेंसिक प्रभारी के सुपुर्द कर दिया गया है। टीआई परस्ते ने बताया कि अभी तक केमिकल्स के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। फोरेंसिक अधिकारी भी खबर लिखे जाने तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए थे। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है,और अधिकृत जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर ही इस संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### 212 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**मैहर।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार-2.0 अभियान के तहत मैहर पुलिस ने मेडिकल नशे के तस्करों पर एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 212 शीशी प्रतिबंधित ऑनरेक्स कफ सिरप बरामद की। घटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग की सेलेरियो कार क्रमांक MP19ZM0995 और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए,जिसका कुल कीमती मूल्य 6,55,440 रुपये है।थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रेनू मिश्रा और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कटिया के पास वाहन चेकिंग के दौरान कार को रोका और उसमें बैठे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गजेन्द्र सिंह पिता रामप्रकाश सिंह (सिंगरौल),उम्र 26 वर्ष,निवासी डिठौरा थाना ताला। शाश्वत सिंह पटेल पिता सोमनारायण सिंह पटेल,उम्र 22 वर्ष,निवासी वार्ड क्र.01 अमरपाटन थाना अमरपाटन, जिला मैहर है। दोनों आरोपियों के खिलाफ ड्रग कंट्रोल एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### मैहर में 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का भव्य समापन



**मैहर।** मैहर जिले के ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की 51वीं संध्या का समापन रविवार,9 नवंबर को हुआ। समापन संध्या का शुभारंभ मैहर वाद्य बृंद की शानदार प्रस्तुति से किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी थीं और अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह ने की। श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत भारत की आत्मा है और यह संगीत व्यक्ति को आत्म विभोर करता है। उन्होंने समारोह को आने वाले समय में और भी भव्य स्वरूप देने की बात कही। सांसद गणेश सिंह ने मैहर को माँ शारदा देवी की आध्यात्मिक शक्ति पीठ और बाबा अलाउद्दीन खां की संगीत विरासत के रूप में पहचान बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उदीयमान कलाकारों को मंच देने के लिए समारोह को पूर्वरंग के साथ जोड़ा गया है।विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बताया कि मैहर में संगीत महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 9 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कॉलेज का नामकरण बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां के नाम पर किए जाने की मांग रखी।

### मैहर में सांसद गणेश सिंह का स्वागत

**मैहर।** एक भारत,आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ निकली यूनिटी मार्च पदयात्रा का मैहर में भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम सरदार पटेल की जयंती पर एकता के प्रतीक रूप में आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने स्वर्ण कला आभूषण के सामने सांसद गणेश सिंह मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने श्रीफल साल एवं माल्यार्पण कर आतमीय स्वागत किया गया इस अवसर पर महेश तिवारी सत्यवान पटेल महेश दरयानी पारसनाथ तिवारी सनत गौतम रवि सर्राफ अशोक चौबे अशोक अवाधिया इंद्रजीत सिंह मैंनी राकेश सोनी आदर्श जायसवाल सक्षम श्रीवास्तव आयरन गर्ग शत्रुघ्न पटेल मनीष साहू बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे जिन्होंने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता,अखंडता और आत्मनिर्भरता का संदेश देना रहा।

# 29 लाख का अवैध गांजा और इनोवा कार जब्त, तीन तस्कर फरार, तलाश जारी



**सतना।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के गोरखधंधे पर पुलिस का कड़ा प्रहार हुआ है सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा पकड़ा है जिसकी कीमत 29 लख रुपए बताई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिली कि एक सफ़ेद रंग की इनोवा MP19 CA2023 में भारी मात्रा में अवैध गांजा लोड है और वह मैहर बायपास से सतना की ओर आ रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और बिजली की गति से एक पुलिस टीम का गठन किया गया। मैहर बायपास,सिविल लाइन थाना क्षेत्र में जबरदस्त घेराबंदी करके उक्त संदिग्ध वाहन को रोका गया। हालांकि,अंधेरे का फायदा उठाकर शातिर अपराधी मौके से फरार होने में सफल रहे।वाहन की तलाशी लेने पर,उसके अंदर 8 बोरियों में,टेप लगे हुए एक-एक किलो के पैकेटों में कुल 145 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 29,00,000 (उनतीस लाख रुपये) आंकी गई है। साथ ही,गांजा तस्करी में प्रयुक्त सफ़ेद रंग की इनोवा कार जिसकी कीमत करीबन 10 लाख रुपये है,उसे भी कब्जे में लिया गया है। फरार आरोपी महेश दाहिया निवासी डुडहा,उसके अन्य दो साथी और वाहन स्वामी के खिलाफ थाना सिविल लाइन,जिला सतना में अपराध क्रमांक 794/25 धारा 8/20(ख) एन डी पी एस एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और विवेचना जारी है। पुलिस ने इन सभी फरार तस्करों की तलाश में तेजी ला दी है। कार्रवाई में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार,उप निरी अजीत सिंह (सायबर सेल प्रभारी सतना),सउनि अमर सिंह,सउनि दीपेश सिंह (सायबर सेल),आर प्रवीण तिवारी,विवेक दुबे,विकास सिंह,रविशंकर पाण्डेय,पंकज मिश्रा (चौकी पोड़ी) मयंक मिश्रा (पुलिस लाइन),प्रशांत परौहा,कृष्णरंजन सिंह,आनंद सिंह,और धर्मेन्द्र पटेल शामिल रहे।

### गांजा के 02 हरे पेड़ लगाने वाली आरोपी महिला गिरफ्तार



नागौद पुलिस ने गांजा का हरा पेड़ लगाने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों को मुताबिक सूचना प्राप्त हुई कि दिनेश कुशवाहा निवासी श्यामनगर की पत्नी श्रीमती सिया बाई कुशवाहा ने अपने घर के नहानी (बाथरूम/धोने की जगह) के बगल से अवैध मादक पदार्थ गांजा का पेड़ लगाया है। सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान,ग्राम श्यामनगर,पहुंची।वहां मिली महिला से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम श्रीमती सिया बाई कुशवाहा पति दिनेश कुशवाहा उम्र 35 साल निवासी ग्राम श्यामनगर,थाना नागौद जिला सतना बताया। संदेहिया सिया बाई कुशवाहा को मुखबिर की सूचना से अवगत कराकर जब उसकी नहानी के पास की तलाशी ली गई,तो वहाँ गांजा जैसे 02 हरे पेड़ लगे पाए गए। तौल करने पर 02 नग बड़े गांजा के हरे पेड़ों का कुल वजन 03 किलो 150 ग्राम पाया गया,जिसकी अनुमानित कीमत 45, 000 रुपये है।आरोपी महिला का कृत्य अपराध धारा 8/20(**a**)(**b**)(**i**) एनडीपीएस एक्ट का होना पाया गया। जब्ती के बाद आरोपी महिला श्रीमती सिया बाई कुशवाहा को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया और मामले को विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय सतना में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# सीएम हेल्पलाइन में जिले की स्थिति बेहतर करें : कलेक्टर



**समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में समीक्षा**

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले के सभी अधिकारियों को ग्रेडिंग के समय तक संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढाते हुए सीएम हेल्पलाइन में जिले की स्थिति बेहतर स्थान पर बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में कमजोर प्रगति पर जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी,जिला प्रबंधक नान,मार्कफेड की जिला अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास और जिला अस्पताल के सीएम हेल्पलाइन प्रभारी देवेन्द्र पटेल और लखन गुप्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह,अपर कलेक्टर विकास सिंह,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन की स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों के निराकरण में कमजोर स्थिति पाये जाने पर कलेक्टर ने मझगवां,उचेहरा और कोठी के बीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस जारीकरने के निर्देश दिये। सीवियर एनीमिक माताओं और बच्चों तथा हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निरंतर फालोअप किये जाने के निर्देश दिये। संभागीय रोजगार मेला की तैयारी और स्व रोजगार की योजनाओं से जुडे विभागों की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित विभाग और बैंकर्स उन्हें योजनाओं के निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति दिसम्बर 2025 माह तक पूर्ण करने का प्रयास करें। नवकरणीय ऊर्जा से संबंधित किसी भी अधिकारी के टीएल बैठक में नहीं उपस्थित रहने पर कलेक्टर ने अगली टीएल बैठक में बुलाने के निर्देश दिये। नरवाई प्रबंधन और बिना पराली प्रबंधन के चलने वाले हार्वेस्टर के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जानकारी कलेक्टर ने ली। कलेक्टर ने तीन विभागों की शिकायतवार समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। उन्होंने कृत कार्यवाही को पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश भी विभाग के अधिकारियों को दिये। अंतरविभागीय समन्वय के विषयों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने जिले में चल रही विकास परियोजनाओं के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने रेल्वे,नर्मदा घाटी विकास,बरगी नहर,जल संसाधन,जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,एमपीआरडीसी,लोकनिर्माण एनएच,ब्रिज कार्पोरेशन,लोकनिर्माण विभाग,पीआई यू,टोन्स हायडल की जमीन वापसी की प्रक्रिया,एमपी हाउसिंग बोर्ड के प्रचलित कार्यो की समीक्षा की।

# विकास के साथ संस्कृति का संरक्षण भाजपा सरकार की प्राथमिकताः पं.भगवती प्रसाद



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का खुले दिल से स्वागत किया है। उन्होंने इन फैसलों को प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना की राशि को 1250 से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह किए जाने को स्वीकृति दी है, जिससे प्रदेश की लाखों बहनों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा और वे और अधिक सशक्त बनेंगी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने भावांतर योजना की राशि किसानों के खातों में सीधे जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया है,जो किसानों के सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके अतिरिक्त,भगवान बिरसा मुंडा जयंती को उत्साहपूर्वक मनाने और ओंकारेश्वर में विकसित किए जा रहे अद्वैत धाम के संबंध में लिए गए निर्णय भी संस्कृति के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।श्री पांडेय ने ज़ोर देते हुए कहा कि ये निर्णय स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि प्रदेश सरकार महिलाओं और किसानों के सशक्तीकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। साथ ही,विकास कार्यों के साथ-साथ संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को भी भाजपा सरकार अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखे हुए है।

# गुरुद्वारा नानक दरबार में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा, आवश्यक बैठक सम्पन्न

**सतना।** गुरुद्वारा नानक दरबार,सतना में 9 नवंबर रविवार को हुई आमसभा में नवनिर्वाचित कार्य कारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगत ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी घोषित

पदाधिकारियों में मलकिंदर सिंह सोईं (अध्यक्ष) कमलजीत सिंह सेठी,आज्ञा सिंह बेदी,त्रिलोचन सिंह बाबा,जितेंद्र अरोरा,हरविंदर सिंह मेहंदीरत्ता (उपाध्यक्ष) गिरीश पुरी हैप्पी (सचिव) राजदीप सिंह भाटिया (सह सचिव) प्रदीप अरोड़ा जोली (कोषाध्यक्ष) गिरीश भावनानी (सह कोषाध्यक्ष) तनवीर सिंह (गोल्डी),तजिंदर सिंह बग्गा (स्टेज सेक्रेटरी) जसविंदर सिंह भाटिया (बब्बल) को पीआरओ पद दिया गया।सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे गुरु घर की सेवा निष्ठा और समर्पण भाव से करेंगे। नव निर्वाचित अध्यक्ष मलकिंदर सिंह सोईं ने गुरुद्वारा साहिब में अरदास कर वाहेगुरु जी के चरणों में नमन किया और संगत के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु घर में सेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा सभी पदाधिकारी संगत के सहयोग से निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। आम सभा का आयोजन और प्रमुख विषय पर आम सभा 9 नवंबर,रविवार को गुरुद्वारा नानक दरबार प्रांगण में सुबह 11 बजे आरंभ हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई,जिसमें श्री गुरु नानक देव जी के गुरुपर्व की तैयारियों की समीक्षा,श्री गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के आयोजन योजनाओं तथा भविष्य में गुरु घर की धार्मिक एवं सामाजिक गति विधियों को और सशक्त बनाने के प्रस्ताव शामिल थे। सभा का समापन सत्संग और चाय बिस्किट सेवा से के साथ हुआ। रविंद्र सिंह सेठी विपुल होंडा गुरविंदर सिंह भाटिया प्रदीप अरोड़ा विनय नंदा कमलजीत सिंह सेठी जितेंद्र अरोरा आज्ञा सिंह हरविंदर सिंह मेहंदीरत्ता त्रिलोचन सिंह बाबा राजदीप सिंह भाटिया हिमांशु अरोड़ा गिरीश भावनानी रिकी सोनी लखन शिवानी राहुल गंभीर राजदीप भाटिया रम्पी विजय सोई रोहित होंडा नवदीप सेठी नीरज चोपड़ा प्रिंसी जग्गी तनवीर सिंह तेजिंदर सिंह बग्गा निशांत मैनी सरबवीर जग्गी कमल ग्रोवर अन्नू मेहता बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग में लटक रही मौत की घंटी



पवई। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्ग मे महिनों से टूट खड़ा विद्युत पोल मार्ग पर लटक रहा है जो किसी भी समय अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। विदित हो कि उक्त मार्ग से स्कूली बच्चों के अलावा पुलिस कालोनी के लोगो का आना जाना लगा रहता है बाबजूद इसके संबंधित विभाग एवं नगर के जिम्मेदार लोग लोगों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। या फिर यूं कहा जाए कि किसी अप्रिय घटना का इंतजार हो रहा है।

### सीएमओ ने अमानगंज नगर के बकायादारों को जारी किये नोटिस



अमानगंज-नगर परिषद सीएमओ (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) शशि कपूर गढ़पाले ने अमानगंज नगर में उन 85 लोगों व संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं, जो नगर परिषद के अधिकतम बकायादार यानि जिन पर सबसे ज़्यादा टैक्स, शुल्क या अन्य राशि बकाया है। इस प्रकार की कार्यवाही आमतौर पर तब की जाती है जब बकायादार लंबे समय से नगर परिषद के देनदार होते हैं और बार-बार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं करते। सीएमओ नगर परिषद अमानगंज ने बताया कि अमानगंज में 85 ऐसे लोग हैं, जिन पर अधिकतम बकाया राशि कर के रूप में है जिनमें 45 संपत्ति कर वाले, 20 दुकानदार एवं 20 जल कर वाले लोग शामिल हैं। सीएमओ शशि कपूर गढ़पाले ने नगर के लोगों से अपील की है कि समय पर ही अपना कर चुकायें ताकि किसी प्रकार की समस्या ना हो नहीं तो आने वाले समय में नगर परिषद द्वारा उचित कार्यवाही की जाएगी। पूरे मामले की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमानगंज द्वारा सोमवार की शाम 5रू00 बजे दी गई।

### जिगनी ग्राम में कई दिनों से विद्युत संकट

**पन्ना।** अजयगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जिगनी में पिछले कई दिनों से लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से एक फेस की बिजली रहने के कारण बल्ब तक नहीं जल पा रहे हैं। इस विद्युत कटौती से ग्रामीणों को जहां रात के समय अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। लोगों ने समाचार के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द नियमित बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि क्षेत्रवासी अंधेरे से राहत पा सकें और विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रह सके।

### रैपुरा महाविद्यालय की मांग तीन साल से जारी

**पन्ना।** पवई विधानसभा के रैपुरा क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से महाविद्यालय की माँग लगातार तेज हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रैपुरा में कॉलेज खोलने की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा अब तक ज़मीन पर नहीं उतर सकी। स्थानीय लोगों ने कई बार सरकार से गुहार लगाई, शांतिपूर्ण आंदोलन किए, और व्यापारियों ने भी एक दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस माँग का समर्थन जताया। इसके बावजूद सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब जब मुख्यमंत्री मोहन यादव शाहनगर के दौरे पर आने वाले हैं, तो रैपुरा के लोग एक बार फिर नई उम्मीदों से भरे हैं। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में लगभग 60 किलोमीटर के दायरे में कोई महाविद्यालय नहीं है। यहाँ के युवाओं का कहना है कि अगर रैपुरा में कॉलेज खुलता है तो उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा।

**घर को परसैया फिर भी अंधियारी रात, वाली कहावत हो रही चरितार्थ**

नगर के ही सी एम ओ साहब फिर भी समस्याओ का समाधान नहीं पवई। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर निकाय को नगर के विकास तथा लोगो को जन सुविधाए उपलब्ध कराने विकास कार्य हेतु करोडों रूपया की राशि भेजी जाती है बाबजूद इसके राशि तो खर्च हो जाती पर समस्या बनी रहती है। बार्ड क्रमांक 14 अम्बेडकर पार्क जो गांधी चौक से सीधा तहसील कार्यालय को जोड़ता है देखा जा रहा है कि सालों उबडखाड पैदल चलने के लायक नही बचा इसी तरह खटीक मोहल्ला से झंडाबाजार और जैन मंदिर से लटोरिया मोहल्ला मार्ग अपनी दयनीय हालत के नाम पर आंशु बहा रहे । लगभग एक वर्ष पूर्व कुछ मार्ग मे सी सी के ऊपर डामरीकरण मे लाखों रूपया खर्च किया गया था बार्ड बार्ड मे जरूर सी सी निर्माण चल रहा है वो पानी निकासी व्यवस्था को दरकिनार करते हुए बगैर नाली निर्माण सी सी मार्ग बन रहे है ।

---

## प्रशासन की उदासीनता के कारण

# सड़क निर्माण के बाद भी उजड़ा सा लगता है नगर गुनौर

**दुकानों को सड़क निर्माण के समय तोड़ा गया जो आज भी टूटी पड़ी है जिम्मेदार कौन?**

तत्कालीन ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित जन भागीदारी समिति की दुकानों को आवंटित 2009 में किया गया था जिसका कुछ समय पूर्व साकरिया से डिघौरा सड़क निर्माण का कार्य किया गया जिसके तहत अतिक्रमण की चपेट में आने के कारण कई दुकानों को तोड़ा गया था जिसके कारण गुनौर नगर उजड़ा हुआ लग रहा है







गुनौर

क्योंकि जन भागीदारी समिति गठित कर दुकानों का निर्माण कराया गया था और उसकी कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई थी। सड़क निर्माण से पहले दुकानदारों को पीडब्लूडी विभाग द्वारा नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे परंतु मालिकाना हक न होने के कारण और शर्तों को ध्यान में रखते हुए तोड़ने और बनाने का कार्य जनभागीदारी समिति का ही है। तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर के द्वारा कुछ समय पूर्व बहुत तेजी से किराया व बकाया राशि वसूली का काम किया गया और लाखों रुपए जमा भी हुए परंतु टूटी हुई दुकानों की स्थिति आज भी जस की तर बनी हुई है ना तो दुकानदारों को निर्देशित किया गया है की दुकानों का निर्माण स्वयं कराए ना ही संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं ही टूटी हुई दुकानों का सुधार कार्य करने को तैयार है ऐसे में जहां व्यापारियों को व्यापार करने में असुविधा हो रही है वहीं नगर की सुंदरता भी खराब हो रही है प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए और किराए में वसूली गई राशि से दुकानों का सुधार कार्य जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिससे व्यापारियों, ग्राहकों को असुविधा उत्पन्न ना हो और नगर भी साफ स्वच्छ सुंदर दिखे।

---

# पुलिस ने फरार 10 हजार के इनामी आरोपी को रेल्वे स्टेशन सतना से गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पुलिस ने सलेहा थाना क्षेत्र के एक गंभीर दुष्कर्म प्रकरण में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी अब्बास अली को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश**

**आरोपी सलेहा थाना क्षेत्रान्तर्गत दुष्कर्म के मामले मे था फरार**



**पन्ना।** दिनांक 25.03.2025 को गुम इंसान क्रमांक 10/25 में दस्तयाब हुई महिला से कथन लिए गए, जिनमें उसने बताया कि आरोपी अब्बास अली निवासी सनौरा थाना गुनौर जिला पन्ना ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी उसे रीवा और फिर मुंबई ले जाकर किराए के मकान मे ऱखा जहां आरोपी द्वारा बार-बार दुष्कर्म किया गया। महिला के कथनों के आधार पर थाना सलेहा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने मामले मे कायमी दिनांक से फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये साथ हि पुलिस अधीक्षक पन्ना दावारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. अजाक राजेन्द्र मोहन दुवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सलेहा बलबीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल पन्ना की मदद ली गई एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 10.11.2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी दिल्ली भागने की फिराक में सतना रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। सूचना की पुष्टि के बाद गठित टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को रेलवे स्टेशन सतना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेजा गया। नाम पता आरोपी- अब्बास अली पिता शेख किस्मतदीन आयु 31 वर्ष निवासी ग्राम सनौरा, थाना सलेहा, जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी उप निरीक्षक बलबीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, प्रधान आरक्षक विपिन पाण्डेय, आरक्षक आदित्य कुशवाहा, राजेश प्रजापति, बबलू पटेल, भरत पाण्डेय, जीतेन्द्र सिंह एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

---

# कलेक्टर पहुंचीं अजयगढ़, उर्वरक वितरण व्यवस्था का लिया जायजा





पन्ना।

कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को सायं अजयगढ़ पहुंचकर कृषि उपज मंडी समिति परिसर स्थित राज्य विपणन संघ के उर्वरक भंडारण एवं वितरण केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को वितरित टोकन अनुसार शत प्रतिशत किसानों को सुगमतापूर्वक खाद वितरण कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने केंद्र में उपलब्ध स्टॉक का अवलोकन किया और खाद की मांग एवं आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। भापतपुर कुर्मियान निवासी कृषक लच्छी अहिरवार सहित अन्य किसानों से वितरण केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। सभी किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि केंद्र पर टोकन वितरण के पश्चात आसानी से खाद प्राप्त हो रही है। इस दौरान अधिकारियों को पंजी एवं दस्तावेजों के संधारण सहित केंद्र की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी ने मांग अनुसार आगामी दिवसों में मिलने वाली खाद रैक के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने निरीक्षण के दौरान आगामी माह में संभावित धान उपार्जन प्रक्रिया की तैयारियों संबंधी जानकारी भी ली और प्रस्तावित केंद्रों का पूर्व भ्रमण कर खरीदी सहित उपार्जित स्कंध के भंडारण और परिवहन के संबंध में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार एवं जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी भी उपस्थित रहे।

---

## एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से लंबित प्रकरणों का हो प्रभावी निराकरण

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई टीएल बैठक




पन्ना।

कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के विषयों से संबंधित लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह में प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण कर स्थिति में सुधार लाएं। प्राथमिकता के साथ अपात्रता के प्रकरणों को तत्काल बंद कराया जाए। किसानों से संबंधित मुद्दों और समस्याओं के निराकरण को वरीयता दें। कलेक्टर श्रीमती परमार ने लंबित टीएल और जनसुनवाई पत्रों की समीक्षा भी की और मंगलवार की जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, खाद्य विभाग के अधिकारी एवं नपा सीएमओ को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। खनिज विभाग के कार्रवाई संबंधी मामलों में तेजी लाने के उद्देश्य से इसके लिए एसडीएम को भी अधिकृत करने संबंधी वांछित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह विभागवार न्यायालयीन मामलों में भी गंभीरतापूर्वक कार्रवाई कर निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में एमएलसी प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही के लिए नवीन चिकित्सकों की आईडी जनरेट कराने, छात्रावास में सोलर सिस्टम की स्थापना तथा शहर के रविवारीय बाजार को नियमित रूप से व्यवस्थित कराने के संबंध में विचार विमर्श कर श्री जुगल किशोर लोक के प्रस्तावित निर्माण कार्य तथा धरमसागर तालाब के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में अंर्तविभागीय समन्वय के विषयों पर भी चर्चा हुई। टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

---





# भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु पन्ना शहर के जनकपुर नाका में संचालित संगीतमय

**पन्ना।** सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल में प्रसिद्ध भजन 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे. श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे व फूल-माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था. कथावाचक श्री अभिषेक जी महाराज ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया. कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है. अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है. जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ. कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे. प्रवचन के क्रम में कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है. हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए. जिन बच्चों के उपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है. हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं. धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छी संस्कार आती है।चारों धाम तीर्थ यात्रा उपरांत आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के आयोजन से भक्तिमय माहौल बना हुआ है. भागवत कथा के मुख्य जवान श्री उमाशंकर दुबे निर्वाचन अधिकारी एवं उनकी धर्म पत्नी है। दुबे परिवार ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल मे पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

---

# देव पर्वत को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग

पन्ना।






तहसील मुख्यालय अजयगढ़ से 5 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत देवगांव में हजारों साल प्राचीन धर्मस्थल देव पर्वत को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने की मांग को लेकर ग्राम देवगांव में हनुमान जी के मंदिर में अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्री राम पाठक ने क्षेत्र के जागरूक ग्रामीणों के साथ में एक बैठक करके देव पर्वत को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं देव पर्वत में सीढ़ियां निर्माण पर्वत के सबसे ऊपर के शिखर में बने सीता रसोई नाम के अत्यंत प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की मांग उठाई गई हनुमान जी मंदिर में धर्म प्रेमियों द्वारा क्षेत्रीय विकास के मुद्दों के बारे में एवं बागेश्वर सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर पूज्य धीरेंद्र शास्त्री द्वारा 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन तक सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लाखों लोग शामिल हो रहे हैं सनातन हिंदू एकता पदयात्रा को पूर्ण रूप से सफल बनाने हेतु पवन पुत्र हनुमान जी से प्रार्थना भी की गई और भजन कीर्तन भी किया गया इस अवसर पर अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक रामेश्वर प्रसाद खरे मनु गौतम राजू मिश्रा राम सिंह पटेल सीताराम नामदेव भगवत प्रसाद पटेल विमलेश पाठक रामसेवक पटेल रामदीन पाल अरुण तिवारी तथा हनुमान जी मंदिर के महंत सत्यनारायण बाबा जी सीता शरण पटेल संतोष पटेल संतराम पटेल की विशेष मौजूदगी रही यहां पर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग भी जोर-जोर से उठाई गई गायों की तस्करी पर रोक लगाने गौ हत्या बंद करने एवं विदेशों में भेजे जा रहे गौ मांस पर रोक लगाने की भी मांग की गई अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक ने देव पर्वत की महिमा पर प्रकाशित फोल्डर भी सभी को वितरित किया गया उक्त फोल्डर में देव पर्वत के प्राचीन इतिहास धार्मिक महत्व का वर्णन किया गया है अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक ने देव पर्वत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि देव पर्वत प्राचीन समय का एक बहुत ही सिद्ध धर्मस्थल रहा है यहां पर बहुत बड़े-बड़े तपस्वी ऋषि मुनियों ने कठोर साधना की शुक्राचार्य जी की पुत्री देवयानी ने भी यहां पर कठोर साधना की थी मान्यता है कि उन्हें के नाम पर पर्वत का नाम देव पर्वत पड़ा एक मान्यता यह भी है की कि जब असुरों ने इंद्रलोक पर कब्जा कर लिया था तो इंद्र समेत सभी देवताओं ने इसी पर्वत में अपना गुप्त निवास बनाया था पर्वत में पांडवों के आगमन के भी प्रमाण हैंत्रेता युग में वनवास काल में भगवान श्री रामचंद्र जी के आगमन के भी प्रमाण हैं पर्वत के सबसे ऊपरी शिखर में एक अत्यंत प्राचीन कलात्मक सीता रसोई नाम से मंदिर बना हुआ है जो कहीं ना कहीं भगवान श्री रामचंद्र जी के आगमन के प्रमाण को सिद्ध करता है यहीं पर सिद्धनाथ बाबा की समाधि भी है वर्तमान में देव पर्वत की ऊपरी शिखर में पहुंच पाना अत्यंत कठिन फिर भी भक्तगण ज्ञान जोखिम में डाल करके सिद्धनाथ बाबा की समाधि में दर्शन करने जाते हैं देव पर्वत के बीच के शिखर में गंगा जमुना नाम से तीन कुंड बने हुए हैं बताया जाता है कि इन कुंडों का पानी अमृत के समान है कुष्ठ रोग और कैंसर से पीड़ति हजारों लोग गंगा जमुना के पानी पीकर के ठीक हो चुके हैं दूर-दूर से लोग पानी लेने आते हैं यहीं पर प्राचीन गुफा में राधा कृष्ण जी विराजमान है यहीं से एक सुरंग जाती है जो वर्तमान में बंद है यहीं पर एक कुंड में भगवान शंकर जी विराजमान है जिनको जल चढ़ाने के लिए भक्तगण कुंड के जल को तैयार करके पार करते हैं और दूसरी और विराजमान शंकर जी के शिवलिंग में जल अर्पित करते हैं क्षेत्र वासियों की अपार श्रद्धा देव पर्वत में है साल में मकर संक्रांति शिवरात्रि और कई अन्य पर्वों में यहां पर हजारों की तादाद में भक्तगण जाते हैं प्रत्येक पूर्णमासी को अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी ग्राम वासियों द्वारा किया जाता है देव पर्वत को प्राचीन समय में केदारनाथ तीर्थ स्थल के समान मान्यता प्राप्त थी लेकिन वर्तमान में क्षेत्र वासियों की अपार श्रद्धा का केंद्र है। क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक ने क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह पन्ना कलेक्टर एवं सांसद बीडी शर्मा से अजयगढ़ के इस विख्यात प्राचीन धार्मिक स्थल को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने यहां के प्राचीन कलात्मक स्थलों की संरक्षण एवं जीणोद्धार सीडीओ के निर्माण एवं लक्ष्मण झूला के निर्माण करने की मांग की है।

खबर संक्षेप



## महिला के हाथ-पैर बांधकर की गई पिटाई, जमीन विवाद में हिंसा, वीडियो वायरल

घुवारा। जिले के भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम गोरखपुरा में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक महिला को हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से पीटा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह विवाद सेन परिवार और दुबे परिवार के बीच खसरा नंबर 1219, रकबा 4.796 हेक्टेयर जमीन को लेकर चल रहा है। मामला वर्तमान में अपर कलेक्टर और बड़ा मलहरा एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता सहोद्रा सेन ने बताया कि वह अपने खेत में जोताई कर रही थीं, तभी सोनू दुबे अपने तीन साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और ट्रैक्टर पर रखी बोरी तोडने तथा खेत पर कब्जा करने का प्रयास करने लगा। जब सहोद्रा ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके हाथ-पैर और मुंह रस्सी से बांध दिए तथा लात-घूंसों से उसकी पिटाई की। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। पहले वीडियो में महिला बंधी हुई हालत में दिखाई दे रही है, जबकि दूसरे वीडियो में एक व्यक्ति बाइक से आकर महिला और उसके परिवार को गाली-गलौज और धमकी देता नजर आ रहा है।पीड़िता के बेटे नंदकिशोर सेन ने बताया कि उन्होंने घटना का वीडियो अपने मोबाइल में बनाया था, जिसे अब पुलिस ने जब्त कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही है, बल्कि उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष के सोनू दुबे ने बताया कि विवादित जमीन उनकी है और सेन परिवार से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर रहे हैं।

### प्रेम प्रसंग और जमीनी विवाद में दी गई थी सुपारी, दो आरोपी गिरफ्तार

# भूरा पटेल हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा



**लवकुशनगर।** थाना गौरिहार पुलिस ने भूरा उर्फ अखिलेश पटेल हत्या कांड का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 01 नवम्बर 2025 को थाना गौरिहार को सूचना प्राप्त हुई थी कि चुरयारी तिगेला-कीरतपुर रोड पर स्थित यात्री प्रतिक्षालय के पास ग्राम गौरिहार के निवासी भूरा उर्फ अखिलेश पटेल पिता मुखिया उर्फ लक्ष्मी पटेल की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। फरियादी मुखिया उर्फ लक्ष्मी पटेल की रिपोर्ट पर थाना गौरिहार में अपराध क्रमांक 275/2025 धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

विवेचना के दौरान साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि घटना वाले दिन महाराजपुर निवासी सुनील चौरसिया ने भूरा पटेल के साथ झगड़े की बात कही थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर, पुलिस अधीक्षक छतरपुर, अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की। सायबर सेल और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

गहन तलाश के बाद पुलिस ने आज दिनांक 10 नवम्बर 2025 को सुनील चौरसिया पिता कालीचरन चौरसिया (उम्र 32 वर्ष, निवासी महाराजपुर जिला छतरपुर) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक भूरा पटेल के चचेरे भाई और उसके मित्र रजनीश पटेल पिता कल्लू उर्फ घनश्याम पटेल (उम्र 23 वर्ष, निवासी गौरिहार) ने उसे जमीनी विवाद और प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर भूरा पटेल की हत्या करने के लिए एक लाख रुपये और गिरवी रखी गाड़ी छुड़वाने का लालच दिया था।

लालच में आकर आरोपी सुनील चौरसिया ने लोहे के धारदार बका से भूरा पटेल का गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त बका और खून से सने कपड़े जब्त किए। वहीं मामले के दूसरे आरोपी रजनीश पटेल को भी गौरिहार से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

इस प्रकरण के खुलासे में निरीक्षक संदीप दीक्षित थाना प्रभारी गौरिहार, उनि देवेंद्र यादव चौकी प्रभारी पहरा, उनि सुरेंद्र मरकाम, उनि नेहा गुर्जर सायबर सेल प्रभारी, सउनि राजकुमार शुक्ला, प्र.आर. बाबूलाल वर्मा, प्र.आर. राजकिशोर साहू, आर. संदीप पाठक, दीपक सिंह गौर, शिवम मिश्रा, अमित शर्मा, दीपक चौरसिया, शंकर पटेल, अनिल यादव, महेन्द्र सचान, मुलायम सिंह, दीप सिंह धाकड़, अखिलेश मिश्रा, शेरा सिंह, विकास सिंह, कमल सिंह सेंगर, सूरज शर्मा, शिवम राजा परमार एवं सायबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## जिला न्यायालय परिसर में पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ



**छतरपुर।** जिला न्यायालय परिसर में आज पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन, मुख्य न्यायाधीश स्वाति निवेश जायसवाल, प्रथम सत्र न्यायाधीश अरविंदर सिंह गुर्जर, थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी सहित न्यायालय स्टाफ एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि न्यायालय परिसर में पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना का उद्देश्य यह है कि न्यायालय में आने वाले पक्षकार और साक्षी निर्भय होकर अपनी गवाही दे सकें तथा किसी भी प्रकार के अपराधी तत्वों द्वारा उन्हें डराने-धमकाने की घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि न्याय की आस में आने वाले लोग कई बार लंबे समय तक न्यायालय परिसर में रहते हैं, ऐसे में उन्हें किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे, इसी उद्देश्य से पुलिस चौकी की स्थापना की गई है। पुलिस सहायता केंद्र में नियमित रूप से पुलिस बल तैनात रहेगा जो न्यायालय परिसर में शांति, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ उपस्थित लोगों की हर संभव मदद करेगा।

## शिक्षक ने 7वीं के छात्र का तोड़ा हाथ, एबीवीपी का प्रदर्शन, शिक्षक पर कार्रवाई व बर्खास्तगी की मांग



**छतरपुर।** सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डिवाइन ग्रुप ऑफ एजुकेशन स्कूल के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नगर सहमंत्री कृष्ण भार्गव के नेतृत्व में उस घटना के विरोध में किया गया, जिसमें स्कूल के शिक्षक मोहित बुधौलिया ने 7वीं कक्षा के छात्र के साथ मारपीट की थी।

जानकारी के अनुसार, मारपीट के दौरान छात्र का हाथ टूट गया, जिसके बाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य को शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। एबीवीपी ने मांग रखी है कि आरोपी शिक्षक मोहित बुधौलिया को बर्खास्त किया जाए, उस पर एफआईआर दर्ज की जाए तथा पीड़ित छात्र का पूरा मेडिकल खर्च विद्यालय प्रबंधन वहन करे। विद्यार्थी परिषद के पार्थिव तिवारी ने कहा कि 7वीं कक्षा के एक मासूम छात्र के साथ शिक्षक द्वारा इस तरह की हिंसा बेहद शर्मनाक है। हम मांग करते हैं कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई हो। विद्यालय प्राचार्य ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पुलिस ने अपहरण व मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना भगवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिंगरी खेत से पीड़ित का अपहरण कर जंगल में ले जाकर मारपीट संबंधी रिपोर्ट पर थाना भगवा में भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों में दबिश दी जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा 4 दिन के अंदर उक्त घटना को अंजाम देने वाले 3 आरोपी राजा भैया पिता सुखसाहब सिंह निवासी ग्राम खैरी, सत्यम राजा पिता चाली राजा निवासी ग्राम खैरी, सेवेंद्र सिंह पिता भानु सिंह बुंदेला निवासी ग्राम गढ़ीपुरा नरवा थाना शाहगढ़ जिला सागर को गिरफ्तार किया, अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं लाठी डंडा बरामद किए गए। फरार आरोपी मोटू राजा हत्या का प्रयास, मारपीट, जुआ जैसे 8 अपराध में एवं अभियुक्त सेवेंद्र सिंह मारपीट, एससी एसटी के 4 अपराध, सत्यम राजा मारपीट, अवैध वसूली के अपराध में पूर्व से लिप्त हैं। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, फरार आरोपी मोटू राजा की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक कृपाल मार्को, उनि खुमान सिंह, प्रधान आरक्षक मिहिलाल, कल्याण, रवि शंकर, आरक्षक कौशल चढ़ार, शैलेंद्र, शीलेंद्र, दिग्विजय की भूमिका रही।

# बैंक से 24.99 लाख की धोखाधड़ी, निर्दोष के घर पर बैंक ने डाला ताला

**पीड़ित ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, सद्दाम हुसैन और रुखसार खातून पर कार्रवाई की मांग**



**छतरपुर।** शहर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति के घर पर बैंक ने ताला डाल दिया जबकि लोन किसी और ने लिया था। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि सद्दाम हुसैन और उसकी पत्नी रुखसार खातून ने मिलकर उसके नाम पर बैंक से 24,99,000/- का लोन धोखाधड़ी से निकाल लिया है। इस मामले को लेकर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

आवेदक ने बताया कि सद्दाम हुसैन निवासी वार्ड नं. 26, सबनीगर मुहल्ला छतरपुर और उसकी पत्नी रुखसार खातून ने 'समद फर्नीचर के नाम से ए.यू. फाइनेंस बैंक छतरपुर में खाता खुलवाया था। दोनों ने अपने बहलावे में लेकर उसे गारंटर बना दिया और उसकी संपत्ति को बंधक कराकर लोन स्वीकृत करा लिया। आवेदक के अनुसार लोन की पूरी राशि 24,99,000/- सीधे समद फर्नीचर के खाते में ट्रांसफर की गई, जबकि उसके नाम को गारंटर के तौर पर जोड़ दिया गया। बाद में जब उसे इसकी जानकारी मिली तो उसने बैंक से पूछताछ की।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में बैंक अधिकारियों की भी सांठगांठ रही है। उसका कहना है कि बैंक मैनेजर जितेन्द्र सिंह राजपूत और दुर्गेश सेन ने मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और लोन प्रक्रिया पूरी कराई। बैंक द्वारा जारी सैंक्शन लेटर में 'समद फर्नीचर की सील और सिग्नेचर स्पष्ट रूप से मौजूद हैं, जिससे यह साबित होता है कि लोन की पूरी रकम समद फर्नीचर के खाते में डाली गई। इसके बावजूद बैंक ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के घर पर ताला डाल दिया है, जिससे वह परेशान है। पीड़ित ने ज्ञापन के माध्यम से एसपी से मांग की है कि सद्दाम हुसैन, रुखसार खातून और बैंक अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कूटरचना की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए ताकि उसे न्याय मिल सके।

## ब्लैक स्पॉट की संख्या में आई कमी, यातायात पुलिस सहित संबंधित विभाग की कार्यवाही लाई सार्थक परिणाम



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में छतरपुर जिले के 9 स्थानों को अति सड़क दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के निर्देशन में छतरपुर यातायात पुलिस द्वारा इन चिन्हित स्थानों का लगातार अवलोकन कर संबंधित रोड एजेंसियों के सहयोग से परीक्षण और परिशोधन कार्य कराए गए। इस ठोस कार्यवाही के परिणामस्वरूप अब जिला छतरपुर के पूर्व से निर्धारित ब्लैक स्पॉट दुर्घटना की दृष्टि से सुरक्षित हो चुके हैं और वर्ष 2025 में ब्लैक स्पॉट की परिधि से बाहर हो गए हैं। इसी क्रम में आज बड़ामलहरा क्षेत्र अंतर्गत ब्लैक स्पॉट का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से इंजीनियर अमन कुमार, वीआरएस इंफ्रा डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर प्रकाश रंजन एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत द्वारा भौतिक निरीक्षण कर स्थल विश्लेषण एवं परिशोधन कार्य के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे आगामी समय में इस क्षेत्र को भी दुर्घटना-मुक्त बनाया जा सके। छतरपुर पुलिस का यह सतत प्रयास जनहित, सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बरेठी में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-फरसा और पत्थरों से हुआ हमला



**आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल**

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी, कुल्हाड़ी, फरसा और पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया। इस दौरान दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को खजुराहो उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। सूचना मिलने पर बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के करीब दो दर्जन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि दोनों पक्षों का आरोप है कि पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। घायलों में सूबेदार सिंह, अनृत सिंह, रणधीर सिंह, रोशन सिंह, प्रताप सिंह, अमरपाल सिंह, बाबू राजा, नैंसी राजा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रताप सिंह, बाबू सिंह, रतन सिंह, भोले सिंह, रूद्र सिंह, हल्के सिंह, धमेन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मंगल सिंह, भगुन सिंह, विक्रम, रोशन, रनधीर, हल्की भैया, बड़े भैया, सचिन, शैलेंद्र, गुड्डा, राजपाल, सूबेदार, महेंद्र, गिराई, अंशुल मिश्रा आदि पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## श्री जटाशंकर धाम में भगवान शंकर को सौंपी गई श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव की निमंत्रण पत्रिका

**25 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा विवाह पंचमी पर्व**



**बिजावर।** भगवान श्रीराम और माता जानकी जी के विवाह महोत्सव पर्व की तैयारियां बिजावर में जोरों पर हैं। इसी कड़ी में सोमवार को श्री जटाशंकर धाम में भगवान शंकर जी को विवाह महोत्सव का निमंत्रण पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों, आचार्यों और भक्तगणों को भी पीले चावल देकर आमंत्रण प्रदान किया गया।

श्री जानकी निवास मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं तहसीलदार अभिनव शर्मा सोमवार दोपहर श्री जटाशंकर धाम पहुंचे, जहां करीब आधा दर्जन आचार्यगणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री जटाशंकर जी को श्रीराम और माता जानकी जी की विवाह पत्रिका भेंट की।

मंदिर के मुख्य पुजारी हरिशंकर बिलौहा ने कहा कि बिजावर के श्री रामनिवास एवं श्री जानकी निवास मंदिर ऐतिहासिक और भव्य हैं। उन्होंने बताया कि करीब सवा सौ वर्ष पूर्व, जब संसाधनों और तकनीक का अभाव था, उस दौर में इन भव्य मंदिरों का निर्माण सनातन धर्म में लोगों की गहरी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है।

पुजारी राम अवतार तिवारी और पंडित राकेश धतरा ने कहा कि श्रीराम विवाह महोत्सव पर्व को और भव्य रूप में मनाने की परंपरा सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इन मंदिरों का रखरखाव और धार्मिक आयोजनों का उत्साहपूर्ण संचालन समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष अभिनव शर्मा ने उपस्थित आचार्यजनों, पुजारियों और भक्तगणों से 25 नवंबर को आयोजित विवाह पंचमी पर्व में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य अरविंद अग्रवाल, सीएमओ संतोष सैनी, नायब तहसीलदार ओपी अहिरवार, जटाशंकर न्यास अधीक्षक जेपी खरे, जानकी निवास मंदिर व्यवस्थापक बी. आर. बादल सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रशिक्षण शाला छतरपुर में यातायात पाठशाला कार्यक्रम आयोजित

**यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं गोल्डन ऑवर के महत्व की जानकारी दी गई।**



**छतरपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशन में जिले के सार्वजनिक स्थान, शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज थाना यातायात परिसर पुलिस प्रशिक्षण शाला में यातायात पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं गोल्डन ऑवर के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु, शारीरिक एवं आर्थिक क्षति से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन आवश्यक एवं सरल है। छात्र-छात्राओं से आग्रह किया गया कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य बताया गया। मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरे बताए गए। वाहन चेकिंग अभियान, चालानी कार्यवाही एवं ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी नियमों की जानकारी दी। बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण एवं लाइसेंस होने पर वाहन चालन की अनुमति दी जाती है।

कार्यक्रम में गोल्डन ऑवर की महत्ता समझाते हुए राहवीर योजना की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शीघ्र उपचार दिलाने पर सहयोगी को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि एवं व्यय प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय संचालक एवं उपस्थित अध्यापकों से शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप स्कूली वाहन संचालित करने हेतु अपील की गई। सड़क और साइबर दोनों ही क्षेत्रों में जागरूकता एवं सतर्कता ही सुरक्षा का सर्वोत्तम उपाय है। साइबर अपराधों से बचाव हेतु उपाय बताए गए और अपील गई की गई कि और अपने परिवारजनों व मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## मडदेवरा गांव की बेटी अदिति जैन बनीं डिप्टी कलेक्टर

**बक्सवाहा**



तहसील के मडदेवरा गांव की अदिति जैन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 2023 की परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अदिति जैन, अर्जना जैन एवं अशोक कुमार जैन की सुपुत्री हैं। अदिति की इस सफलता से मडदेवरा सहित संपूर्ण बक्सवाहा और बुंदेलखंड क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने शुभकामनाएं दीं। अदिति जैन ने प्राथमिक शिक्षा मडदेवरा से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई नवोदय विद्यालय तथा डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से पूरी की। उन्होंने पहले वित्त विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर भी उत्कृष्ट सेवा दी है।

### यही समय है, सही समय है, जाग जाओ, एक हो जाओ

# बागेश्वर महाराज ने सनातन प्रेमियों से किया आह्वान

**मलूक पीठाधीश के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री साहब सिंह सैनी पहुंचे यात्रा में उदयपुर रियासत के लक्ष्य राज सिंह यात्रा में हुए शामिल**

**पलवल।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में दिल्ली से वृंदावन जा रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का चौथा पड़ाव हरियाणा के पलवल जिला मुख्यालय में हुआ। बागेश्वर महाराज ने कहा कि यही वह समय है जब सभी सनातन प्रेमी एक होने के लिए उठ खड़े हो। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि अब समय आ गया है जब सभी सनातन प्रेमी एक होकर अपने धर्म की रक्षा करें। लाखों की संख्या में सनातन प्रेमी इस पदयात्रा में महाराज जी के कंधे से कंधा मिलाकर कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। यात्रा में रात में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा मलूक पीठाधीश राजेंद्र दास महाराज, गोरेलाल कुंज श्री धाम वृंदावन के महंत पूज्य किशोरदास महाराज तीसरे दिन की यात्रा में शामिल हुए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि बागेश्वर महाराज सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रहे हैं, यह हम सबके लिए गर्व का अनुभव करता है। यात्रा में बद्रीनाथ वाले बालक योगेश्वर दास महाराज एवं राजू दास महाराज लगातार चल रहे हैं। राघवदास महाराज मौनी बाबा भी यात्रा में शामिल रहे।

3 हजार साल पहले सिर्फ सनातन था, फिर सनातन का राज होगाः मलूक पीठाधीश

मलूक पीठाधीश्वर पूज्य राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज ने कहा कि 3 हजार साल पहले सिर्फ सनातन धर्म था। आने वाला समय भी सनातन का होगा। उन्होंने कहा प्रत्येक हिंदू यह विचार करे कि हमारा धर्म क्यों सिमट गया महाराज श्री ने कहा कि हमने ही अपने धर्म को कमजोर किया है। यही वजह है कि हमारा धर्म घटता चला गया। उन्होंने कहा कि मेरा आंतरिक भाव है कि जल्द ही फिर से संपूर्ण विश्व में सिर्फ सनातन का ही राज होगा, क्योंकि अन्य पंथों के लोग भी शांति की खोज में सनातन की तरफ आ रहे हैं।

### धर्म को कभी पीठ न दिखाएंः गोरेलाल कुंज महंत

श्री धाम वृंदावन के गोरी लाल कुंज के महंत पूज्य किशोर दास महाराज ने कहा कि धर्म को कभी भी पीठ नहीं दिखाना चाहिए। सभी धर्म प्रेमी अपने धर्म की रक्षा के लिए एकजुट हो। भगवान की प्रेरणा से ही बागेश्वर महाराज सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाल रहे हैं। सभी धर्म प्रेमियों को भगवान का कार्य मानकर जुड़ जाना चाहिए।

### सनातन की सुनामी की लहर सबके भीतर उठेःदीपांकर महाराज

पिछले एक हजार दिनों से यात्रा कर रहे दीपांकर महाराज ने कहा कि यह सनातन की सुनामी है इसकी लहर हर सनातनी के भीतर उठनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का पल इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। नियति ने आप सबको इसके लिए चुना है। सड़क का संदेश सत्ता तक पहुंचे। टीवी में यात्रा देखने वालों से भी आग्रह है कि वह बाहरआए।

### सनातनी रोम रोम भारत को समर्पित करेः सुदामा कुटी महाराज

श्री धाम वृंदावन के सुदामा कुटी वाले महाराज ने यात्रा में शामिल होकर कहा कि आकाश मंडल से इस यात्रा को देवता भी देख रहे हैं। जो देश को भजता है वह देश का ही होता है।अर्थात जो देश को ही सर्वोच्च मानते हैं वे ही सच्चे सनातनी हैं। आज सभी सनातनी घोषणा करें कि उनका रोम रोम भारत के लिए समर्पित रहेगा। यह यात्रा किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि संपूर्ण सनातनी समाज की है।

### महाराज श्री ने सोए हिंदुओं में चेतना जगाई हैः टी राजा

आंध्र प्रदेश के टाइगर राजा के नाम से विख्यात राजनेता ने यात्रा में शामिल होकर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर महाराज सोए हुए हिंदुओं को जगाकर उनमें चेतना लाने का कार्य कर रहे हैं। महाराज श्री का यह कार्य लोग याद रखेंगे। आज सही समय है कि लोग जागे और इस यात्रा से जुड़े तथा यात्रा का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए जो प्रेरणा दी जा रही है वह प्रेरणा सबके भीतर होनी चाहिए।

